**Series ƐFGHE/C** **Set-4**

प्रश्न-पत्र कोड
Q.P. Code **361**

रोल नं.
Roll No.

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Q.P. Code on the title page of the answer-book.

# फैशन का अध्ययन
# FASHION STUDIES

*निर्धारित समय : **3** घण्टे* *अधिकतम अंक : **60***

*Time allowed : **3** hours* *Maximum Marks : **60***

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **15** हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **24** प्रश्न हैं ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।

- Please check that this question paper contains **15** printed pages.
- Q.P. Code given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains **24** questions.
- **Please write down the serial number of the question in the answer-book before attempting it.**
- 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

***सामान्य निर्देश :***

*(i)* *कृपया निर्देशों को ध्यान से पढ़ें ।*

*(ii)* *इस प्रश्न-पत्र में **दो** खण्डों में **24** प्रश्न हैं : **खण्ड क** और **खण्ड ख** ।*

*(iii)* ***खण्ड क** में वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्न हैं जबकि **खण्ड ख** में विषयपरक प्रकार के प्रश्न हैं ।*

*(iv)* *दिए गए (6 + 18) = 24 प्रश्नों में से, उम्मीदवार को 3 घंटे के आबंटित (अधिकतम) समय में (6 + 11) = 17 प्रश्नों के उत्तर देने हैं ।*

*(v)* *किसी विशेष खण्ड के सभी प्रश्नों को सही क्रम में करने का प्रयास किया जाना चाहिए ।*

*(vi)* ***खण्ड क** : वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्न (30 अंक) :*

*(a)* *इस खण्ड में **6** प्रश्न हैं ।*

*(b)* *कोई नकारात्मक अंकन नहीं है ।*

*(c)* *दिए गए निर्देशों के अनुसार कीजिए ।*

*(d)* *प्रत्येक प्रश्न / भाग के सामने आबंटित अंकों का उल्लेख किया गया है ।*

*(vii)* ***खण्ड ख** : विषयपरक प्रकार के प्रश्न (30 अंक) :*

*(a)* *इस खण्ड में **18** प्रश्न हैं ।*

*(b)* *उम्मीदवार को **11** प्रश्न करने हैं ।*

*(c)* *दिए गए निर्देशों के अनुसार कीजिए ।*

*(d)* *प्रत्येक प्रश्न / भाग के सामने आबंटित अंकों का उल्लेख किया गया है ।*

## खण्ड क

**(वस्तुनिष्ठ प्रश्न)** **(30 अंक)**

**1.** रोज़गार कौशल पर दिए गए ***6*** प्रश्नों में से किन्हीं ***4*** प्रश्नों के उत्तर दीजिए । *4×1=4*

(i) आत्म-मूल्य की कमी, खालीपन की भावना और परित्याग के भय की विशेषता वाले व्यक्तित्व विकार को कहा जाता है :

(a) हिस्ट्रीओनिक (b) नार्सिसिस्टिक

(c) बॉर्डरलाइन (d) ऐन्टीसोशल

(ii) स्प्रेडशीट पर डेटा पेस्ट करने के लिए शार्टकट है :

(a) Ctrl + P (b) Ctrl + C

(c) Ctrl + X (d) Ctrl + V

***General Instructions :***

*(i)* *Please read the instructions carefully.*

*(ii)* *This question paper consists of **24** questions in **two** Sections : **Section A** and **Section B**.*

*(iii)* ***Section A** has Objective type questions whereas **Section B** contains Subjective type questions.*

*(iv)* *Out of the given (6 + 18) = 24 questions, a candidate has to answer (6 + 11) = 17 questions in the allotted (maximum) time of 3 hours.*

*(v)* *All questions of a particular section must be attempted in the correct order.*

*(vi)* ***Section A** : Objective Type Questions (30 marks) :*
- *(a)* *This section has **6** questions.*
- *(b)* *There is no negative marking.*
- *(c)* *Do as per the instructions given.*
- *(d)* *Marks allotted are mentioned against each question/part.*

*(vii)* ***Section B** : Subjective Type Questions (30 marks) :*
- *(a)* *This section has **18** questions.*
- *(b)* *A candidate has to do **11** questions.*
- *(c)* *Do as per the instructions given.*
- *(d)* *Marks allotted are mentioned against each question/part.*

## SECTION A

**(Objective Type Questions)** **(30 marks)**

**1.** Answer any ***4*** out of the given ***6*** questions on Employability Skills. *4×1=4*

(i) Personality disorder characterized by lack of self-worth, feeling of emptiness and fear of abandonment is called :

(a) Histrionic (b) Narcissistic

(c) Borderline (d) Antisocial

(ii) Shortcut to paste data on a spreadsheet is :

(a) Ctrl + P (b) Ctrl + C

(c) Ctrl + X (d) Ctrl + V

(iii) ऐसे व्यक्ति जो समाज को लाभ पहुँचाने वाले समाधान विकसित करने पर ध्यान केन्द्रित करते हैं, __________ उद्यमी कहलाते हैं ।

(iv) प्रेज़ेंटेशन में टेक्स्ट की पृष्ठभूमि का रंग बदलने के लिए निम्नलिखित में से किस विकल्प का उपयोग किया जाएगा ?

(a) फॉन्ट कलर (b) हाइलाइट कलर

(c) फॉर्मेट (d) फॉन्ट

(v) __________ प्रेरणा प्रोत्साहन या बाहरी पुरस्कारों के कारण उत्पन्न होती है ।

(vi) एक सफल उद्यमी में दूसरों से पहले कार्यभार संभालने और कार्य करने की क्षमता कहलाती है

(a) परसिवेरन्स (दृढ़ता) (b) इनिशिएटिव (पहल)

(c) एफिशिएंसी (दक्षता) (d) डिसाइसिवनेस (निश्चितता)

**2.** दिए गए ***7*** प्रश्नों में से किन्हीं ***5*** प्रश्नों के उत्तर दीजिए । *5×1=5*

(i) लिपटे हुए रोमन लबादे (क्लोक) को __________ कहा जाता था ।

(ii) स्वचालित ओटाई (जिनिंग) मशीन का आविष्कार किसके द्वारा किया गया था ?

(a) एली व्हिटने (b) जोसफ जैकार्ड

(c) आइसेक सिंगर (d) विलियम पर्किन

(iii) पौराणिक फिल्म 'गाँधी' की वेशभूषा किसके द्वारा डिज़ाइन की गई थी ?

(a) शमा ज़ैदी (b) भानू अथैया

(c) अर्जुन भसीन (d) लीना दारु

(iv) 18वीं सदी में यूरोप की महिलाओं की स्कर्टों को __________ कहे जाने वाले अंशांकित आयताकार आकार के हूप्स के एक हल्के फ्रेम द्वारा समर्थित किया गया था ।

(v) एक मज़बूत पुनरुत्थानवादी आंदोलन ने दूरदर्शी लोगों के प्रयासों के माध्यम से कपड़ा शिल्प की विरासत को पुनर्जीवित किया :

(a) 1965 में (b) 1975 में

(c) 1985 में (d) 1995 में

(iii) Individuals who focus on developing solutions that benefit society are called ___________ entrepreneurs.

(iv) Which of the following options will be used to change the background colour of the text in a presentation ?

(a) Font colour (b) Highlight colour

(c) Format (d) Font

(v) __________ motivation arises because of incentives or external rewards.

(vi) The ability in a successful entrepreneur to take charge and act in a situation before others is called :

(a) Perseverance (b) Initiative

(c) Efficiency (d) Decisiveness

**2.** Answer any ***5*** out of the given ***7*** questions. *5×1=5*

(i) The draped Roman cloak was referred to as a ___________.

(ii) Automatic ginning machine was invented by :

(a) Eli Whitney (b) Joseph Jacquard

(c) Isaac Singer (d) William Perkin

(iii) Costumes of legendary film 'Gandhi' were designed by :

(a) Shama Zaidi (b) Bhanu Athaiya

(c) Arjun Bhasin (d) Leena Daru

(iv) In $18^{th}$ century Europe, women's skirts were supported by a light frame of graduated oblong shaped hoops called ___________.

(v) A strong revivalist movement revitalized the legacy of textile crafts through efforts of visionaries in :

(a) 1965 (b) 1975

(c) 1985 (d) 1995

(vi) ढीली, हवादार, आधे बाज़ू की शर्ट, जो आमतौर पर सूती कपड़ों में बड़े पत्ते के प्रिंट से बनी होती है, उसे कहा जाता है :

(a) ऑक्सफॉर्ड शर्ट (b) टी-शर्ट

(c) हवाएन शर्ट (d) ड्रेस शर्ट

(vii) कंधे के दोनों ओर शर्ट में बटन वाले फ्लैप __________ कहलाते हैं ।

**3.** दिए गए ***7*** प्रश्नों में से किन्हीं ***6*** प्रश्नों के उत्तर दीजिए । *6×1=6*

(i) स्टैन्ड कॉलर का एक उदाहरण दीजिए ।

(ii) तेज़ वक्र (शार्प कर्व्स) के लिए प्रयुक्त सीम गुंजाइश (अलाउन्स) क्या है ?

(a) $\frac{1}{4}$" (b) $\frac{1}{2}$"

(c) $\frac{3}{4}$" (d) $\frac{1}{8}$"

(iii) पैटर्न के टुकड़ों के किनारों पर बने निशान जो दिखाते हैं कि उन्हें कहाँ मिलान करना है, क्या कहलाते हैं ?

(a) डार्ट्स (b) ग्रेन

(c) एपेक्स (d) नोच

(iv) शनेल और डियोर जैसे दुनिया के सबसे प्रसिद्ध डिज़ाइनर __________ में स्थित थे ।

(v) कपड़े के आकार दिए गए टुकड़ों को परिधान पर सजावटी टाँकों से सिलने को __________ कहते हैं ।

(vi) नाजुक और फिसलने वाले कपड़ों पर ट्रेसिंग के लिए निम्नलिखित का उपयोग किया जाता है :

(a) टेलर्स चॉक (b) ट्रेसिंग पेपर

(c) थ्रेड ट्रेसिंग (d) पेंसिल

(vii) कपड़े और अस्तर के बीच डाली गई कपड़े की परत को __________ कहा जाता है ।

(vi) Loose, airy, half-sleeved shirt, usually made of large foliage prints in cotton fabrics is called :

(a) Oxford shirt (b) T-shirt

(c) Hawaiian shirt (d) Dress shirt

(vii) Buttoned flaps in a shirt on either side of the shoulder are called ___________.

**3.** Answer any ***6*** out of the given ***7*** questions. *6×1=6*

(i) Give an example of a stand collar.

(ii) Seam allowance used for sharp curves is :

(a) $\frac{1}{4}$" (b) $\frac{1}{2}$"

(c) $\frac{3}{4}$" (d) $\frac{1}{8}$"

(iii) Marks made on edges of pattern pieces that show where they are to be matched are called :

(a) Darts (b) Grain

(c) Apex (d) Notches

(iv) World's most famous designers like Chanel and Dior were based in ___________.

(v) Shaped pieces of fabric sewn to a garment with decorative stitches are called ___________.

(vi) The following is used for tracing on delicate and slippery fabrics :

(a) Tailor's chalk (b) Tracing paper

(c) Thread tracing (d) Pencil

(vii) A layer of fabric inserted between face and lining of the garment is called ___________.

**4.** दिए गए *6* प्रश्नों में से किन्हीं *5* प्रश्नों के उत्तर दीजिए : *5×1=5*

(i) महिलाओं के लिए अधिकांश साइज़िंग सिस्टम निम्नलिखित माप पर आधारित हैं :

(a) कूल्हे का घेरा (b) गले का घेरा

(c) छाती का घेरा (d) कमर का घेरा

(ii) कपड़े के कच्चे किनारों को परिसज्जित करने के लिए प्रयोग किया जाने वाला उपकरण है :

(a) पिंकिंग शियर्स (b) ऑल

(c) नौचर (d) कटर

(iii) कॉरपोरेट उद्योग द्वारा 1880 के दशक के अंत में USA में निम्नलिखित की शुरुआत की गई थी :

(a) फ्राइडे ड्रेसिंग (b) पावर ड्रेसिंग

(c) फॉर्मल ड्रेसिंग (d) एक्टिव स्पोर्ट्सवेयर

(iv) कपड़े को काटने का सबसे तेज़ तरीका है :

(a) फाड़ना

(b) एक धागा खींचना

(c) प्रमुख रेखा पर काटना

(d) तिरछा काटना

(v) संश्लेषित (सिंथेटिक) तन्तुओं का एक लाभ व एक हानि बताइए ।

(vi) बुने हुए कपड़े की लंबाई के साथ-साथ, संकीर्ण मज़बूती से बुने हुए तैयार किनारे को ________ कहा जाता है ।

**5.** दिए गए *6* प्रश्नों में से किन्हीं *5* के उत्तर दीजिए । *5×1=5*

(i) शरीर के आकार के अनुरूप जुड़ने वाली रेखाओं या डार्ट्स को __________ कहा जाता है ।

(ii) युवा अंग्रेज डिज़ाइनर मैरी क्वांट का क्या महत्त्वपूर्ण योगदान था ?

(iii) एक छोटा शॉपिंग आउटलेट जो गहने व कपड़ों जैसे इलीट और फैशनेबल वस्तुओं में विशिष्टीकृत है, __________ कहलाता है ।

**4.** Answer any ***5*** out of the given ***6*** questions. *5×1=5*

(i) Most of the sizing systems for women are based on the following measurement :

(a) Hip girth (b) Neck girth

(c) Bust girth (d) Waist girth

(ii) Tool used for finishing raw edges of fabric is :

(a) Pinking shears (b) Awl

(c) Notcher (d) Cutter

(iii) The following was introduced in the USA in the late 1880s by the corporate industry :

(a) Friday dressing (b) Power dressing

(c) Formal dressing (d) Active sportswear

(iv) The fastest method of cutting fabric is :

(a) Tearing

(b) Drawing a thread

(c) Cutting on prominent line

(d) Cutting diagonally

(v) Give one advantage and one disadvantage of synthetic fibers.

(vi) Narrow, firmly woven finished edge along the length of a woven fabric is called _________.

**5.** Answer any ***5*** out of the given ***6*** questions. *5×1=5*

(i) Connecting lines or darts to conform to body shape are called __________.

(ii) What was the significant contribution of the young English designer Mary Quant ?

(iii) A small shopping outlet that specializes in elite and fashionable items such as jewellery and clothing is called _________.

(iv) नवजात शिशु के कपड़ों के लिए निम्नलिखित फास्टनिंग ज़्यादातर पसंद किया जाता है :

(a) वेलक्रो स्ट्रिप्स (b) ज़िपर्स

(c) स्टड्स (d) हुक व आई

(v) बायस स्ट्रिप निम्नलिखित एन्गल पर काटी जाती है :

(a) 30° (b) 35°

(c) 40° (d) 45°

(vi) ऑरलॉन ________ तन्तु का व्यापारिक नाम है ।

**6.** दिए गए ***6*** प्रश्नों में से किन्हीं ***5*** प्रश्नों के उत्तर दीजिए । *5×1=5*

(i) सामने की तुलना में, पीछे की तरफ की क्राच सीम निम्नलिखित होनी चाहिए :

(a) लंबी एवं कम घुमावदार (b) लंबी एवं ज्यादा घुमावदार

(c) छोटी एवं कम घुमावदार (d) छोटी एवं ज्यादा घुमावदार

(ii) पहनने के लिए तैयार वस्त्रों में 'मिस' साइज़ निम्नलिखित महिलाओं के लिए होता है :

(a) लंबी (b) छोटी

(c) मध्यम (d) पतली

(iii) निम्नलिखित परिधानों में 'हैंग' और अनुपात को भी संदर्भित करता है :

(a) ग्रेन (b) ईज़

(c) सेट (d) बैलेन्स

(iv) टैस्ट फिटिंग किस पर की जाती है :

(a) लिनेन पर (b) मलमल पर

(c) ब्राउन कागज़ पर (d) खादी पर

(v) निम्नलिखित महिलाओं के लिए शॉर्ट, क्लोज़ फिटिंग-ड्रेस है, जो कूल्हे से ब्रेस्ट तक शरीर को सपोर्ट देने या मनचाहा फिगर देने के लिए अकसर लेस से कसी जाती है :

(a) एम्पायर ड्रेस (b) पैनल्ड ड्रेस

(c) कोरसेट ड्रेस (d) प्रिंसेस ड्रेस

(vi) हीट सेट प्लीटिंग उन तन्तुओं पर की जा सकती है जो स्वभाव में __________ होते हैं ।

(iv) The following fastening is mostly preferred in garments for newborns :

(a) Velcro strips (b) Zippers

(c) Studs (d) Hook and eye

(v) Bias strip is cut at an angle of :

(a) 30° (b) 35°

(c) 40° (d) 45°

(vi) Orlon is the trade name of __________ fiber.

**6.** Answer any ***5*** out of the given ***6*** questions. *5×1=5*

(i) As compared to the front, the crotch seam at the back should be :

(a) Longer and less curved (b) Longer and deeply curved

(c) Shorter and less curved (d) Shorter and deeply curved

(ii) In ready-to-wear garments 'Miss' size refers to the following women :

(a) Tall (b) Short

(c) Medium (d) Thin

(iii) The following refers to the hang and also proportions in garments :

(a) Grain (b) Ease

(c) Set (d) Balance

(iv) Test fitting is done on :

(a) Linen (b) Muslin

(c) Brown paper (d) Khadi

(v) Short, close-fitting dress for women, often tightened with laces to give support or desired figure to the body from hip to breasts is called :

(a) Empire dress (b) Panelled dress

(c) Corset dress (d) Princess dress

(vi) Heat set pleating can be done on fibers which are __________ in nature.

## खण्ड ख

**(विषयपरक प्रश्न)** **(30 अंक)**

*रोज़गार कौशल पर दिए गए **5** प्रश्नों में से किन्हीं **3** प्रश्नों के उत्तर दीजिए । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 20 – 30 शब्दों में दीजिए ।* *3×2=6*

**7.** किसी व्यक्ति को परिणामोन्मुखी बनने के लिए किन्हीं चार चरणों की सूची बनाइए ।

**8.** किसी व्यक्ति के व्यक्तित्व के संदर्भ में बहिर्मुखता (एक्सट्रावर्ज़न) और विक्षिप्तता (न्यूरोटिसिस्म) को परिभाषित कीजिए ।

**9.** प्रेजेन्टेशन खोलने के चरणों की व्याख्या कीजिए ।

**10.** उद्यमिता की किन्हीं चार विशेषताओं की व्याख्या कीजिए ।

**11.** औद्योगिक और व्यावसायिक उद्यमी के बीच अंतर स्पष्ट कीजिए ।

*दिए गए **5** प्रश्नों में से किन्हीं **3** प्रश्नों के उत्तर 20 – 30 शब्दों (प्रत्येक) में दीजिए ।* *3×2=6*

**12.** प्राचीन काल में पहनावे को रीति-रिवाज़ों से कैसे जोड़ा जाता था ? उपयुक्त उदाहरणों के साथ स्पष्ट कीजिए ।

**13.** आप कैप हाइट व बाजू की लंबाई के लिए किस प्रकार माप लेंगे ?

**14.** डिज़ाइन ईज़ व फिटिंग ईज़ में अंतर स्पष्ट कीजिए ।

**15.** 'ट्रिम' पद को परिभाषित कीजिए । किसी परिधान में ट्रिम्स लगाने के लिए ध्यान में रखी जाने वाली तीन युक्तियों का उल्लेख कीजिए ।

**16.** विभिन्न प्रकार की इन्टरफेसिंग के उपयोग और अनुप्रयोग की व्याख्या कीजिए ।

*दिए गए **3** प्रश्नों में से किन्हीं **2** प्रश्नों के उत्तर 30 – 50 शब्दों (प्रत्येक) में दीजिए ।* *2×3=6*

**17.** किसी परिधान की फिट का मूल्यांकन करने के लिए उपयोग की जाने वाली दो प्रकार की फिटिंग की व्याख्या कीजिए ।

**18.** एक फैशन सेन्टर के रूप में भारत के उदय पर टिप्पणी लिखिए ।

**19.** 'ऑफ-ग्रेन' कपड़ों को ब्लॉक करने की तीन प्रक्रियाएँ समझाइए ।

## SECTION B

**(Subjective Type Questions)** **(30 marks)**

*Answer any **3** out of the given **5** questions on Employability Skills. Answer each question in 20 – 30 words.* *3×2=6*

**7.** List any four steps for an individual to become result-oriented.

**8.** Define Extraversion and Neuroticism with reference to personality of an individual.

**9.** Explain the steps to open a presentation.

**10.** Explain any four characteristics of entrepreneurship.

**11.** Distinguish between industrial and business entrepreneurs.

*Answer any **3** out of the given **5** questions in 20 – 30 words each.* *3×2=6*

**12.** How was clothing associated with rituals in ancient times ? Illustrate with suitable examples.

**13.** How would you take measurements for cap height and sleeve length ?

**14.** Distinguish between Design ease and Fitting ease.

**15.** Define the term 'trim'. Give three points to be kept in mind for application of trims in a garment.

**16.** Explain the use and application of different types of interfacings.

*Answer any **2** out of the given **3** questions in 30 – 50 words each.* *2×3=6*

**17.** Explain the two kinds of fitting used to evaluate fit of a garment.

**18.** Write a note on emergence of India as a fashion centre.

**19.** Explain three processes used for blocking 'off-grain' fabrics.

*दिए गए **5** प्रश्नों में से किन्हीं **3** प्रश्नों के उत्तर 50 – 80 शब्दों (प्रत्येक) में दीजिए ।* *3×4=12*

**20.** यूनानी (ग्रीक) सभ्यता में प्रयुक्त लिपटी पोशाकों का वर्णन कीजिए ।

**21.** 'पैटर्न मेकिंग' पद को परिभाषित कीजिए । पैटर्नस् बनाने के लिए उपयोग की जाने वाली दो विधियों की व्याख्या कीजिए ।

**22.** उपयुक्त आरेखों के साथ स्लैश-और-स्प्रेड विधि द्वारा शोल्डर डार्ट को कमर में शिफ्ट करने की प्रक्रिया समझाइए ।

**23.** नवजात शिशुओं और टॉडलर्स के लिए कपड़ों का चयन करते समय आप किन बातों का ध्यान रखेंगे ?

**24.** विभिन्न प्रकार के कपड़ों की प्री–श्रिंकिंग की आवश्यकता व चरणों की व्याख्या कीजिए । यदि कपड़े का रंग निकलने लगे तो आप क्या कदम उठा सकते हैं ?

*Answer any **3** out of the given **5** questions in 50 – 80 words each.* *3×4=12*

**20.** Describe the draped costumes used in the Greek civilization.

**21.** Define the term 'pattern making'. Explain two methods used for developing patterns.

**22.** Explain the process of shifting shoulder dart to the waist by slash-and-spread method using suitable diagrams.

**23.** What factors would you keep in mind for selection of clothing for infants and toddlers ?

**24.** Explain the need and steps of pre-shrinking various kinds of fabrics. What are the steps you can take if the colour of the fabric runs ?